भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1198

उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026

5 श्रावण, 1948 (शक)

महाराष्ट्र में रीसेट कार्यक्रम की समावेशिता और इसके परिणाम

1198. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील:

एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी :

डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) महाराष्ट्र में रीसेट कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक लाभार्थियों की राज्यवार और जिलेवार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने आकलन किया है कि पात्रता के नियमों और चयन प्रक्रिया के कारण ग्रामीण ज़िलों के कई ऐसे सेवानिवृत्त खिलाड़ी छूट सकते हैं, जिन्हें पुनर्वास की वास्तविक आवश्यकता तो है, परन्तु उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान नहीं मिली है;

(ग) महाराष्ट्र में दिए जाने वाले प्रशिक्षण मॉड्यूल, भाषा की सुविधा, इन्टर्नशिप और प्लेसमेन्ट के परिणामों का ब्यौरा क्या है और क्या सांगली, सोलापुर, नंदुरबार, भंडारा और धुले जैसे ज़िलों में किसी स्थानीय उद्योग या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) से कोई सहबद्धता है; और

(घ) क्या लाभार्थियों, विशेषकर राज्य के अल्प प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में, उनके दीर्घकालिक रोज़गार पाने की क्षमता और आय की सुरक्षा का आकलन करने के लिए कोई स्वतंत्र निगरानी, परिणाम मूल्यांकन या शिकायत निवारण व्यवस्था मौजूद है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) रीसेट कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रमों का पहला बैच 4 अक्टूबर, 2024 से 7 दिसंबर, 2024 तक लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई), ग्वालियर में आयोजित किया गया था। 14 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के 30 प्रशिक्षुओं ने एलएनआईपीई, ग्वालियर में 18 खेल/गेम्स से संबंधित व्यावहारिक कक्षाओं और इंटर्नशिप में भाग लिया। 30 लाभार्थियों में से 01 महाराष्ट्र राज्य के ठाणे जिला से था। अन्य प्रशिक्षुओं का राज्य-वार विवरण अनुबंध- I पर दिया गया है।

(ख) सक्रिय खेल करियर से सन्यास ले चुके एथलीट जिनकी आयु 20-50 वर्ष के बीच है और जो अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी रहे हैं या राष्ट्रीय पदक विजेता/राज्य पदक विजेता/राष्ट्रीय खेल परिसंघ/भारतीय ओलंपिक संघ/युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी रहे हैं, वे रीसेट कार्यक्रम के तहत उपलब्ध पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए पात्र हैं।

'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, ग्रामीण जिलों के सन्यास ले चुके खिलाड़ियों, जिनके पास राष्ट्रीय स्तर का अनुभव नहीं है, को अवसर प्रदान करने सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कर्मियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित स्कीमें लागू करता है:

(i) खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता
(iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के पदक विजेताओं और उनके कोच को नकद पुरस्कार
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
(vi) खेलों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) रीसेट कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रमों के पहले बैच में हिंदी और अंग्रेजी भाषा में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे:

क) क्षमता और कंडीशनिंग प्रशिक्षक के लिए प्रमाण पत्र कार्यक्रम
ख) योग प्रशिक्षक के लिए प्रमाण पत्र कार्यक्रम
ग) फिटनेस केन्द्र प्रबंधक के लिए प्रमाण पत्र कार्यक्रम

इन कार्यक्रमों के मॉड्यूल का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

महाराष्ट्र राज्य में कोई विशिष्ट नियोजन प्रदान नहीं किया गया था और राज्य में कोई स्थानीय उद्योग या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सहबद्धता मौजूद नहीं हैं।

(घ) एलएनआईपीई परिसर में इन-हाउस शिकायत प्रकोष्ठ का गठन किया गया था और किसी भी प्रतिभागी से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी। चूंकि यह एक प्रायोगिक परियोजना थी, इसलिए सभी संबंधितों से प्रतिक्रिया लेकर सीखने योग्य परिणाम तैयार किए गए थे।

*****

अनुबंध - I

महाराष्ट्र में रीसेट कार्यक्रम की समावेशिता और इसके परिणाम के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटिल, एडवोकेट गोवाल कागड़ा पडवी, डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश द्वारा दिनांक 27.07.2026 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1198 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

रीसेट कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रमों के पहले बैच के तहत प्रशिक्षुओं का राज्य-वार विवरण	
राज्य	प्रशिक्षुओं की संख्या
जम्मू और कश्मीर	1
गुजरात	1
बिहार	2
मध्य प्रदेश	8
दमन	1
उत्तर प्रदेश	6
हरियाणा	2
मणिपुर	1
कर्नाटक	1
उड़ीसा	1
केरल	1
उत्तराखंड	2
राजस्थान	2
महाराष्ट्र	1
कुल	30

*****

अनुबंध - II

महाराष्ट्र में रीसेट कार्यक्रम की समावेशिता और इसके परिणाम के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटिल, एडवोकेट गोवाल कागड़ा पडवी, डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश द्वारा दिनांक 27.07.2026 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1198 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

रीसेट के तहत पाठ्यक्रमों के पहले बैच में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपलब्ध मॉड्यूल:

क) क्षमता और कंडीशनिंग प्रशिक्षक के लिए प्रमाण पत्र कार्यक्रम के तहत मॉड्यूल:

मॉड्यूल – I : क्षमता और कंडीशनिंग का परिचय	
1.	कल्याण के घटक
2.	शारीरिक फिटनेस के घटक
3.	क्षमता प्रशिक्षण का अर्थ और परिभाषा
4.	क्षमता प्रशिक्षण का महत्व
5.	फिटनेस और कल्याण के सिद्धांत।
6.	समग्र फिटनेस की अवधारणा और इसका विकास (मन, शरीर और आत्मा-योग, ताइची, संगीत)

मॉड्यूल - II : खेल प्रशिक्षण का परिचय और बुनियादी सिद्धांत	
1.	क्षमता प्रशिक्षण का सिद्धांत
2.	वार्मिंग अप का महत्व
3.	वार्मिंग अप के प्रकार और तरीके
4.	कूलिंग डाउन का महत्व
5.	कूलिंग डाउन के प्रकार और तरीके
6.	प्रशिक्षण के सिद्धांत (विशिष्टता, ओवरलोड और प्रगति)

मॉड्यूल - III : क्षमता और गति का विकास	
1.	क्षमता का अर्थ और अवधारणा
2.	क्षमता के प्रकार
3.	क्षमता के तरीके और विकास
4.	गति का अर्थ और अवधारणा
5.	गति के प्रकार
6.	गति के तरीके और विकास

मॉड्यूल - IV : सहनशक्ति और लचीलापन का विकास	
1.	सहनशीलता का अर्थ और अवधारणा
2.	सहनशीलता के प्रकार
3.	सहनशीलता के तरीके और विकास
4.	लचीलेपन का अर्थ और अवधारणा
5.	लचीलेपन के प्रकार
6.	लचीलेपन के तरीके और विकास

मॉड्यूल -V : कार्यक्रम का काल-विभाजन और सूत्रीकरण	
1.	फिट और स्मार्ट वजन/प्रतिरोध प्रशिक्षण के सिद्धांत
2.	काल-विभाजन से संबंधित सामान्य अवधारणाएँ
3.	काल-विभाजन का चरण (तैयारी, प्रतिस्पर्धात्मक और संक्रमणकालीन चरण)
4.	प्रशिक्षण चक्र और इसके प्रकार (सूक्ष्म, मध्य, वृहद चक्र)
5.	हृदय संबंधी प्रशिक्षण (लाभ, श्वास तकनीक, विभिन्न व्यायाम तीव्रता के लिए लक्षित हृदय गति क्षेत्र की गणना)
6.	कोर स्टैबिलिटी ट्रेनिंग (महत्व और विभिन्न स्तर, अवधारणा और एरोबिक, एनारोबिक फिटनेस कार्यक्रम की विधि)

ख) योग प्रशिक्षक के लिए प्रमाणपत्र कार्यक्रम के तहत मॉड्यूल:

मॉड्यूल -I : योग का परिचय	
1.	योग का अर्थ और परिभाषा
2.	योग का संक्षिप्त इतिहास
3.	योग के प्रकार - ज्ञान योग, कर्म योग, भक्ति योग
4.	अष्टांग योग और इसका महत्व

मॉड्यूल -II : हठ योग और आसन	
1.	हठ योग और इसकी उपयोगिता
2.	मानव शरीरक्रिया विज्ञान
3.	आसन - आसन का अर्थ, परिभाषा, आसन के प्रकार
4.	प्राणायाम - अर्थ, परिभाषा, प्राणायाम के प्रकार

मॉड्यूल -III : सूर्य नमस्कार	
1.	योग में स्थूल और सूक्ष्म अभ्यासों का महत्व
2.	सूर्य नमस्कार और इसका महत्व
3.	शतकर्म - अर्थ, परिभाषा, शतकर्म के प्रकार
4.	चक्रों की समझ

मॉड्यूल -IV : योग में आहार	
1.	योग में आहार की भूमिका
2.	योग और मानसिक स्वास्थ्य
3.	योग चिकित्सा
4.	योग शिक्षण के तरीके

मॉड्यूल - V: योग एक पेशे के रूप में	
1.	व्यवसाय/पेशे के रूप में योग
2.	योग में उन्नत शिक्षण तकनीक
3.	विशेष आबादी के लिए योग
4.	योग निद्रा और इसका महत्व

ग) फिटनेस केन्द्र प्रबंधक के लिए प्रमाण पत्र कार्यक्रम के तहत मॉड्यूल:

मॉड्यूल -I : परिचय	
1.	अर्थ, फिटनेस केन्द्र प्रबंधन की परिभाषाएँ
2.	फिटनेस केन्द्र प्रबंधक का महत्व
3.	नेतृत्व
4.	बजट विकास

मॉड्यूल -II : विज्ञापन और विपणन	
1.	विज्ञापन का अर्थ और महत्व
2.	विपणन
3.	विपणन, संवर्धन, विज्ञापन और बिक्री की जिम्मेदारियाँ
4.	फिटनेस केन्द्र व्यवसाय के लिए विपणन और संवर्धन चरण

मॉड्यूल -III : प्रबंधक की भूमिका	
1.	फिटनेस केन्द्र प्रबंधक की भूमिका और जिम्मेदारी
2.	पारंपरिक प्रबंधकीय कार्य (योजना, आयोजन, नेतृत्व और नियंत्रण)
3.	प्रबंधकीय ज्ञान आधारित कौशल (तकनीकी कौशल, मानव कौशल और वैचारिक कौशल)
4.	आदर्श फिटनेस केन्द्र सेटअप

मॉड्यूल -IV : सुविधा और पर्यवेक्षण	
1.	फिटनेस सुविधा का प्रबंधन
2.	फिटनेस केन्द्र उपकरण का रखरखाव और खरीद
3.	फिटनेस केन्द्र सुरक्षा और पर्यवेक्षण
4.	कार्यबल की परिभाषा, प्रकृति और कार्य

मॉड्यूल - V: मानव संसाधन प्रबंधन और जनसंपर्क	
1.	मानव संसाधन प्रबंधन में प्रशिक्षक प्रशिक्षण का महत्व और कदम
2.	पेशेवर दायरा और जिम्मेदारी
3.	जनसंपर्क की अवधारणा और प्रक्रिया
4.	मानव संसाधन लेखा परीक्षा

*****